जनवरी, 2023 / अंक 01

# राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर

# समाचार पत्र



# विषय वस्तु


1. वस्त्र तकनीकी पर टीओटी.......................................................................02
2. उद्योग भ्रमण (इंडस्ट्री विजिट).......................................................................03
3. 38वां निफ्ट स्थापना दिवस समारोह.......................................................................04
4. 38वां निफ्ट स्थापना दिवस गांधीनगर परिसर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन..........05

- छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति.......................................................................05
- स्वच्छता अभियान.......................................................................06
- रंगोली प्रतियोगिता.......................................................................07
- फोटोग्राफी का प्रदर्शन.......................................................................07
- परिसर की सजावट.......................................................................08
- पौधारोपण.......................................................................08
- संवाद सत्र.......................................................................09
- वॉक-अ-थॉन.......................................................................09

5. 74वां गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन.......................................................................10

# वस्त्र तकनीकी पर टीओटी

निफ्ट गांधीनगर ने वस्त्र तकनीकी पर एक बहुत व्यापक उद्योग उन्मुख टीओटी कार्यक्रम की मेजबानी की, जिसमें 17 परिसरों के 14 संकाय सदस्यों ने भाग लिया निफ्ट गांधीनगर परिसर को समग्र वस्त्र तकनीकी निर्माण इकाइयों और योग्य  विशेषज्ञों की उपलब्धता के कारण चुना गया था।



प्रशिक्षुओं को अरविंद की वर्टिकल यूनिट, सांतेज, अहमदाबाद में एडवांस मैटेरियल्स डिवीजन में विभिन्न डिवीजनों जैसे स्पिनिंग, डाइंग, आरएंडडी, गारमेंटिंग, एवं एफआर टेस्टिंग लैब इत्यादि, में उद्योग से व्यावहारिक इनपुट के लिए ले जाया गया। निफ्ट गांधीनगर के निदेशक डॉ. समीर सूद ने नियमित रूप से समीक्षा की और टीओटी के बारे में प्रतिभागियों से प्रतिक्रिया ली एवं निफ्ट हेड ऑफिस के फैशन डिजाइन विभाग के सी.पी. प्रो. पूर्वा खुराना, श्री नरिंदर थापा, कार्यकारी उपाध्यक्ष को भी सम्मानित किया गया | यह कार्यक्रम प्रो. मोनिका गुप्ता, प्रो. पूर्वा खुराना और प्राध्यापक श्री विशाल गुप्ता द्वारा समन्वयित किया गया था।





# उद्योग भ्रमण (इंडस्ट्री विजिट)





मास्टर ऑफ डिजाइन के छात्रों के लिए 12 से 14 जनवरी 2023 तक दो दिवसीय उद्योग और मेला यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने प्रसिद्ध गैलरी का दौरा किया और डिज़ाइन स्टूडियो के छात्रों ने पेशेवर डिज़ाइनरों के साथ बातचीत करते हुए डिज़ाइनों की जानकारी ली जैसे-कात्सुशी गोटो, चार्ली लेवाइन, सालिक अंसारी, नित्यन उन्नीकृष्णन, रॉब डीन, टी. वेंकन्ना, राधी पारेख, मोर्टिमर चटर्जी छात्रों को लक्ज़री फैशन के संदर्भ में विजुअल मर्चेंडाइजिंग को समझने के लिए क्रिश्चियन लॉबाउटिन और हर्मीस के स्टोर में जाने का भी अवसर मिला।

यह स्टोर्स प्रख्यात डिजाइन भारतीय वास्तुकार और मर्चेंडाइजिंग रोशाद श्रॉफ द्वारा दिखाया गया छात्रों ने सहायक प्रोफेसर श्री सत्यजीत दवे, और, सहायक प्रोफेसर श्री गौरव शर्मा के मार्गदर्शन में बंबई में सीएसएमवीएस संग्रहालय (पूर्व में प्रिंस ऑफ वेल्स संग्रहालय) का भी दौरा किया।





# 38वां निफ्ट स्थापना दिवस समारोह

38वां निफ्ट स्थापना दिवस गांधीनगर परिसर में विभिन्न गतिविधियों के साथ मनाया गया इन गतिविधियों मे शामिल हैं:







एक चर्चा "निफ्ट: तब और अब”- इस कार्यक्रम में निम्नलिखित गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया था जो निफ्ट के विकास और विकास के गवाह रहे हैं और निफ्ट के पूर्व कार्यकारी निदेशक और महानिदेशक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।





- श्री पी. के. लहेरी आईएएस (सेवानिवृत्त), पूर्व मुख्य सचिव (गुजरात सरकार), भूतपूर्व कार्यकारिणी निदेशक -निफ्ट
- श्री पी. के. गेरा, आईएएस (सेवानिवृत्त) पूर्व एमडी, जीएसीएल, (गुजरात सरकार)और पूर्व डीजी-निफ्ट
- श्री सुधीर त्रिपाठी, आईएएस (सेवानिवृत्त), अध्यक्ष, पूर्व मुख्य सचिव, (झारखंड सरकार) और पूर्व डीजी-निफ्ट ऑनलाइन मोड के माध्यम से उपलब्ध रहे।

निफ्ट की पुरानी यादें, उस समय की चुनौतिया, विकास के प्रारंभिक चरण, बाद में इसके के विस्तार और वर्तमान पर चर्चा की गई, स्मृतियों और उपाख्यानों को उपरोक्त सम्मानित सदस्यों द्वारा बड़े उत्साह के साथ साझा किया गया। अंत मे केक काटकर चर्चा समाप्त की गई।



# 38वां निफ्ट स्थापना दिवस गांधीनगर परिसर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

- छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति
- स्वच्छता अभियान
- रंगोली प्रतियोगिता
- फोटोग्राफी का प्रदर्शन
- परिसर की सजावट
- पौधारोपण
- संवाद सत्र
- वॉक-अ-थॉन



‘समाज में निफ्ट का योगदान’ इस विषय पर निफ्ट गांधीनगर टीम के तरफ से सुश्री ख्याति शर्मा द्वारा काव्यापथन से युक्त एक बहुत ही रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया|

सुश्री जेसिका ने विषय-‘कड़ी मेहनत’ जैसे रोचक विषय पर एक शानदार नृत्य प्रदर्शन दिया, फाउंडेशन प्रोग्राम के छात्रों द्वारा एक शानदार नाटक के माध्यम से यह प्रदर्शित किया गया कि कैसे निफ्ट छात्रों को पेशेवर जीवन की कठिनाइयों के लिए तैयार करता है।




## छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति




यह कार्यक्रम फिर से निफ्ट गांधीनगर डांस ग्रुप "आईएमबीयूई" द्वारा एक रोमांचक प्रदर्शन के साथ समाप्त हुआ, जिसमें असम की शांत पीहू के लिए टॉलीवुड के शानदार टिप्स पर ध्यान केंद्रित किया गया था।डांस टीम 'आईएमबीयूई' के इस प्रदर्शन ने भारत की भूमि पर विभिन्नता में सामंजस्यपूर्ण एकता को व्यक्त किया| प्रदर्शन में भरतनाट्यम, बंगाली, भांगड़ा, बिहू, लावणी, घूमर, कथक और निश्चित रूप से - गुजरात के फुट टैपिंग गरबा में समापन, खुशी से एकीकरण के लिए भूख को भरना शामिल था।






# 38वां निफ्ट स्थापना दिवस गांधीनगर परिसर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

- छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति
- स्वच्छता अभियान
- रंगोली प्रतियोगिता
- फोटोग्राफी का प्रदर्शन
- परिसर की सजावट
- पौधारोपण
- संवाद सत्र
- वॉक-अ-थॉन

## स्वच्छता अभियान



‘"स्वच्छता अभियान" ‘’स्वच्छता स्वयं से शुरू होती है’’ और “हर गतिविधि का प्रारम्भ स्वच्छता के साथ होता है’’ इन पंक्तियों के साथ दिनांक 20.01.2023 को निफ्ट का 38वां स्थापना दिवस समारोह उत्सव का प्रारम्भ गांधीनगर परिसर में किया गया |



स्वच्छता अभियान के दौरान गांधीनगर परिसर के आस-पास के स्थानों की सफाई की गयी जिसमे परिसर के सभी अधिकारी, कर्मचारी व छात्र छात्राओं ने अपना श्रम दान किया |





# 38वां निफ्ट स्थापना दिवस गांधीनगर परिसर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

- छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति
- स्वच्छता अभियान
- रंगोली प्रतियोगिता
- फोटोग्राफी का प्रदर्शन
- परिसर की सजावट
- पौधारोपण
- संवाद सत्र
- वॉक-अ-थॉन

## रंगोली प्रतियोगिता





निफ्ट के 38वें स्थापना दिवस के अवसर पर छात्रों के मध्य रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | रंगोली के माध्यम से निफ्ट के छात्रों ने भारत के पारंपरिक वस्त्रों के रंग डिजाईन व सुन्दरता को प्रस्तुत किया | इस कार्यक्रम में 14 समूह बनाये गये थे जिसमे कुल 45 छात्रों ने प्रतिभाग किया | रंग जो हमारे खुशीयो के प्रतिक है इनके माध्यम से छात्रों ने निफ्ट के विकास को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया ।

## फोटोग्राफी का प्रदर्शन

फोटोग्राफी का प्रदर्शन छात्र समूह व संकाय सदस्यों द्वारा किया गया निफ्ट के विकास में प्रारंभ से लेकर वर्तमान तक घटित यादगार घटनाओं के दृश्यों को डिस्प्ले पैनल के माध्यम से प्रस्तुत किया गया





# 38वां निफ्ट स्थापना दिवस गांधीनगर परिसर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

- छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति
- स्वच्छता अभियान
- रंगोली प्रतियोगिता
- फोटोग्राफी का प्रदर्शन
- परिसर की सजावट
- पौधारोपण
- संवाद सत्र
- वॉक-अ-थॉन

## परिसर की सजावट



छात्रों द्वारा बनाये गये रंग-बिरंगे कागज से रचनात्मक व जीवंत प्रॉप्स/ इंस्टॉलेशन के साथ निफ्ट गांधीनगर परिसर को सजाया गया |





## पौधारोपण

38वें स्थापना दिवस को यादगार बनाने के लिए 38 पौधे लगाये गए।





अधिकारी, संकाय सदस्यों व छात्रों ने मिलकर निफ्ट परिसर से लगे हुए मार्ग पर पौधे लगाए जिनका रख-रखाव निफ्ट परिसर द्वारा किया जायेगा.



# 38वां निफ्ट स्थापना दिवस गांधीनगर परिसर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

- छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति
- स्वच्छता अभियान
- रंगोली प्रतियोगिता
- फोटोग्राफी का प्रदर्शन
- परिसर की सजावट
- पौधारोपण
- संवाद सत्र
- वॉक-अ-थॉन

## संवाद सत्र

श्री कृपालसिंह डाभी, आईपी मैनेजर, गुजरात स्टूडेंट स्टार्टअप एंड इनोवेशन हब (आई-हब) द्वारा क्रिएटिव इकोनॉमी में "बौद्धिक गुणों का अधिकार" पर एक संवाद सत्र 25 जनवरी 2023 को आयोजित किया गया श्री डाभी ने फैशन उद्योगों पर ध्यान केंद्रित करते हुए पेटेंट, डिजाइन, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क पर अपने विचार व्यक्त किये |

सत्र बहुत ही प्रेरणादायक था छात्रों ने सिखा की किस प्रकार अपने कला, डिजाइन, कौशल और विचारो को IPRs के साथ संरक्षित कर सकते है






## वॉक-अ-थॉन

निफ्ट के 38वें स्थापना दिवस के विषय में सभी कर्मठ व सक्रीय लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए निफ्ट गांधीनगर परिसर में वॉकथॉन का आयोजन किया गया जिसमें सभी छात्रों, संकाय सदस्यों और अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।









# 74वां गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन



26 जनवरी 2023 को निफ्ट गांधीनगर में 74वां गणतंत्र दिवस मनाया गया, इस उत्सव में अधिकारी, शिक्षक, छात्र और कर्मचारी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के लिए विद्यार्थियों द्वारा परिसर को बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कार्यक्रम का प्रारम्भ निफ्ट गांधीनगर के निदेशक प्रो. डॉ. समीर सूद ने ध्वजारोहण के साथ किया ।







प्रो डॉ. समीर सूद ने भारतीय संविधान के महत्व के बारे में अपने विचार व्यक्त किए और छात्रों को अपने प्रेरणादायक शब्दों से प्रेरित किया | उन्होंने कन्वर्ज 2022 के विजेता छात्रो को मेडल देकर सम्मानित किया, निफ्ट गांधीनगर को कन्वर्ज 2022 में दूसरे स्थान प्राप्त हुआ | इस कार्यक्रम का समापन छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और एक शानदार बैंड प्रदर्शन के साथ हुआ।



-- जय हिन्द --